राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–18/2022

राज्यपाल ने महात्मा गाँधी को नमन किया तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 30 जनवरी, 2022 :– महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने राजभवन के दरबार हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने इस अवसर पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं की पुण्य स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को नमन किया तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपनी प्राणाहूति देनेवाले शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

....